Seat No. : _______________

# MH-203(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-II (As per NEP-2020)**

**DSC-C-F. A/C-121 : Financial Account-III**

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

1. फोरेन्सिक एकाउन्टिंग की परिभाषा देते हुए इसके उद्‌देश्यों एवं पद्धतियों का वर्णन कीजिए । **10**

**अथवा**

1. (A) एकाउन्टिंग में AI के लाभों के विषय में स्पष्टीकरण दीजिए । **5**

   (B) लागत एकाउन्टिंग पद्धति के घटकों का वर्णन कीजिए । **5**

2. केन्सी लिमिटेड ने ₹ 2.50 प्रति शेयर के प्रीमियम पर ₹ 10 प्रत्येक के 40,000 इक्विटी शेयर जारी किए । राशि का भुगतान इस प्रकार किया जाना था –

   ₹ 5.00 आवेदन पर,

   ₹ 4.50 आवंटन पर (प्रीमियम सहित)

   ₹ 3.00 हफ्ते पर

   96,400 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । अधिक आवेदनों को देखते हुए निम्न प्रकार से आवंटन किए गए :

   23,000 शेयरों के आवेदकों को (2,000 या उससे अधिक शेयरों के आवेदन पर) 10,560 शेयर आवंटित किए गए ।

   48,000 शेयरों के आवेदकों को (1,000 या उससे अधिक शेयरों के आवेदन पर) 14,200 शेयर आवंटित किए गए ।

   25,400 शेयर के आवेदकों को यथानुपात 15,240 शेयर आवंटित किए गए ।

   यह निर्णय लिया गया कि आवेदन पर प्राप्त अधिक राशि को आवंटन एवं हफ्ते के भुगतान के लिए उपयोग किया जाएगा और यदि उसके अतिरिक्त राशि बचती है तो उसे वापस कर दिया जाएगा ।

   यह मानते हुए कि सभी हफ्तों की राशि प्राप्त हो गई है, आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए । **10**

**अथवा**

2. (A) प्रथा लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 इक्विटी शेयर जारी किए । जिसमें आवेदन पर ₹ 2.50, ₹ 3 आवंटन पर एवं ₹ 2 प्रथम हफ्ते के रूप में माँगे गए । एक शेयरधारक जिसके पास 2,000 शेयर थे, प्रथम हफ्ता देने में असफल रहा और उसके शेयर ज़ब्त कर लिए गए । शेयरों के जप्तीकरण के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए । **5**

   (B) किसी कंपनी ने प्रथम हफ्ते के ₹ 3 और ₹ 2 के अंतिम हफ्ते के भुगतान न किए जाने पर 10% के प्रीमियम पर जारी ₹ 10 प्रत्येक के 1,000 शेयर जब्त कर लिए । जिनमें से 400 शेयरों को 10% की छूट पर पुनः जारी कर दिया गया । आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए । **5**

3. यश लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 12% डिबेन्चर जारी किए । राशि इस प्रकार देय थी :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 25 |
| आवंटन पर | ₹ 35 |
| प्रथम एवं अंतिम हफ्ता | ₹ 40 |

कंपनी को 1,200 डिबेन्चरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से अतिरिक्त आवेदनों को निरस्त कर दिया गया एवं उन पर प्राप्त आवेदन राशि वापिस कर दी गई । कंपनी को एक 100 डिबेन्चर धारक से प्रथम एवं अंतिम माँग की राशि के सिवाय बाकी सभी राशि समय पर प्राप्त हो गई ।

कंपनी की बहियों में उपरोक्त व्यवहार के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए । **10**

**अथवा**

3. (A) शेयर और डिबेन्चर के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । **5**

(B) निकिता लि. ने 1-4-2019 को 10% प्रीमियम पर ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 9% डिबेन्चर जारी किए और जिन्हें 31-3-2025 को सममूल्य पर विमोचित कर दिया गया । कंपनी की बहियों में डिबेन्चर जारी करने और विमोचित करने की जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए । **5**

4. निम्न सूचनाओं से कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार संबंधित खातों के नोट्स तैयार कीजिए : **10**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | कराधान का प्रावधान | 1,20,000 |
| (2) | 10% डिबेन्चर | 1,25,000 |
| (3) | प्रस्तावित इक्विटी डिविडेण्ड | 50,000 |
| (4) | वेतन एवं मजदूरी | 2,50,000 |
| (5) | प्रस्तावित प्रिफ. डिविडेण्ड | 30,000 |
| (6) | स्टाफ कल्याण खर्च | 30,000 |
| (7) | देय हूंडियाँ | 20,000 |
| (8) | बैंक ऋण | 63,500 |
| (9) | अदत्त डिविडेण्ड | 8,000 |
| (10) | ऋण पर बकाया ब्याज | 12,500 |
| (11) | बैंक ओवरड्राफ्ट | 15,000 |
| (12) | पब्लिक जमा | 36,500 |
| (13) | विविध लेनदार | 50,000 |
| (14) | प्रोविडेण्ट फंड योगदान | 40,000 |
| (15) | बकाया खर्च | 7,000 |
| (16) | कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान खर्च | 25,000 |

**अथवा**

4. कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार काल्पनिक आँकड़ों से किसी कंपनी की बैलेन्स शीट तैयार कीजिए । **10**

5. निम्न बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (कोई **दस**) **10**

(1) "बही खाता" या बही पुस्तकों की संकल्पना का उद्भव किस दौरान हुआ ?

(a) मध्यकालीन समय (b) प्राचीन समय

(c) औपनिवेशिक समय (d) स्वतंत्रता पश्चात् समय

(2) लूका पेसिओली की द्वि–प्रविष्टि बुक–कीपिंग पर मुख्य कृति किस वर्ष प्रकाशित हुई ?

(a) 1494 (b) 1454

(c) 1524 (d) 1404

(3) निम्न में से कौन सा जवाबदारी केन्द्र में शामिल नहीं है ?

(a) कौशल केन्द्र (b) लागत केन्द्र

(c) लाभ केन्द्र (d) निवेश केन्द्र

(4) लक्ष्मण कंपनी लि. ने 100% प्रीमियम पर ₹ 100 के इक्विटी शेयर जारी किए । कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार आवेदन पर प्रति शेयर न्यूनतम कितनी राशि माँगी जा सकती है ?

(a) ₹ 10 (b) ₹ 5

(c) ₹ 7.50 (d) ₹ 25

(5) टेबल 'F' के अनुसार अग्रिम हफ्ते पर कंपनी द्वारा देय अधिकतम ब्याज की दर है

(a) 6% (b) 12%

(c) 10% (d) 5%

(6) सेबी गाइडलाइन के अनुसार, यदि आवेदन किए गए शेयरों की संख्या जारी किए शेयरों से _________ कम है, तो कंपनी द्वारा आवंटन की प्रक्रिया नहीं की जा सकती और सब्सक्रिप्शन को निरस्त माना जाता है ।

(a) 80% (b) 90%

(c) 75% (d) 85%

(7) जब ऋण लेने के लिए किसी विशेष सम्पत्ति को ऋणाधार के रूप में रखा जाता है तो यह कहा जाता है कि इस पर ________ बोझ उत्पन्न हुआ है ।

(a) अस्थिर (b) अर्ध–चलित

(c) स्थिर (d) इनमें से कोई नहीं

(8) किस प्रकार का डिबेन्चर चलनी नोटों के समान है ?

(a) रजिस्टर्ड डिबेन्चर (b) अविमोचनीय डिबेन्चर

(c) बिअरर डिबेन्चर (d) असुरक्षित डिबेन्चर

(9) कंपनी के लिए "डिबेन्चर विमोचन प्रीमियम खाता" क्या है ?

(a) परिसम्पत्ति (b) प्राप्य

(c) दायित्व (d) हानि

(10) निम्न में से किस मद को कंपनी के लिए 'संभावित दायित्व' माना जाता है ?

(a) मिलना बाकी आय

(b) अदत्त खर्च

(c) अदत्त डिविडेण्ड

(d) क्यु. प्रि. शेयरों पर अदत्त डिविडेण्ड

(11) निम्न में से कौन सी मद बैलेन्स शीट के "रिजर्व एवं सरप्लस" शीर्षक के अंतर्गत नहीं दर्शायी जाती है ?

(a) सिंकिंग फंड (b) प्रतिभूति प्रीमियम

(c) सामान्य रिजर्व (d) प्रस्तावित डिविडेण्ड

(12) कंपनी के पास ₹ 8 प्रदत्त, ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 इक्विटी शेयर हैं, तो 10% से देय अंतरिम डिविडेण्ड होगा ___________ ।

(a) ₹ 5,000 (b) ₹ 12,000

(c) ₹ 10,000 (d) ₹ 8,000